**BPSC-104**

# राजनीति विज्ञान

## स्नातक कार्यक्रम (BAPSH/BAFPS)

**सत्रीय कार्य**

**जुलाई 2026 एवं जनवरी 2027 सत्र**

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ (School of Social Sciences)
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली-110068

## बी.ए. (राजनीति विज्ञान)
## अनिवार्य पाठ्यक्रम

प्रिय शिक्षार्थी,

जैसा कि कार्यक्रम दर्शिका (Programme Guide) में स्पष्ट किया गया है, आपको राजनीति विज्ञान के प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक ट्यूटर द्वारा मूल्यांकित सत्रीय कार्य (TMA) करना होगा। इस पुस्तिका में राजनीति विज्ञान में मास्टर्स कार्यक्रम के प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य शामिल हैं। सत्रांत परीक्षा (Term-end examination) में बैठने के पात्र होने के लिए आपको सभी सत्रीय कार्य निर्धारित समय के भीतर जमा करने होंगे। सत्रीय कार्यों को हल करने से पहले, कृपया कार्यक्रम दर्शिका में दिए गए निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

यह महत्वपूर्ण है कि आप उत्तर अपने शब्दों में लिखें। आपके उत्तर किसी विशेष खंड के लिए निर्धारित शब्द-सीमा की अनुमानित सीमा के भीतर होने चाहिए। याद रखें, सत्रीय कार्य के प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपके लेखन कौशल में सुधार होगा और आप सत्रांत परीक्षा के लिए भली-भांति तैयार होंगे।

इन सत्रीय कार्यों सहित आपके सभी असाइनमेंट आपके अध्ययन केंद्र (Study Centre) के समन्वयक (Coordinator) के पास जमा किए जाने चाहिए। जमा किए गए सत्रीय कार्यों के लिए अध्ययन केंद्र से रसीद प्राप्त करना और उसे सुरक्षित रखना याद रखें। यदि संभव हो, तो सत्रीय कार्यों की एक फोटोकॉपी अपने पास अवश्य रखें। मूल्यांकन के बाद अध्ययन केंद्र को सत्रीय कार्य आपको वापस करने होंगे। कृपया इसके लिए आग्रह करें। अध्ययन केंद्र प्रत्येक सत्रीय कार्य के लिए दिए गए अंकों को नोट करेगा और उन्हें इग्नू, नई दिल्ली के विद्यार्थी मूल्यांकन प्रभाग (Student Evaluation Division - SED) को अग्रेषित करेगा।

**जमा करने की प्रक्रिया (Submission):** पूर्ण किए गए सत्रीय कार्य निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार जमा किए जाने चाहिए।

| सत्र | जमा करने की अंतिम तिथि | किसे जमा करें? |
|---|---|---|
| जुलाई 2026 सत्र के लिए | मार्च 31, 2027 | आपको आवंटित अध्ययन केंद्र के समन्वयक को |
| जनवरी 2027 सत्र के लिए | सितंबर 30, 2027 | |

आपको शुभकामनाओं सहित,

**राजनीति विज्ञान संकाय**

# BPSC-104: भारत में राजनीतिक प्रक्रिया

## (ट्यूटर द्वारा मूल्यांकित सत्रीय कार्य)

## सत्रीय कार्य कोड: BPSC-104/ASST/TMA/2026-27

## अंक: 100

### सत्रीय कार्य – I

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 500 शब्दों में दीजिए।
(2 × 20 = 40 अंक)

1 भारत में राजनीतिक दलों और दलीय व्यवस्था के विकास का विश्लेषण कीजिए।

2 भारत में क्षेत्रीय आकांक्षाओं के रूप में स्वायत्तता आंदोलनों, उग्रवाद, और पृथक राज्य हेतु आंदोलनों पर चर्चा कीजिए।

### सत्रीय कार्य – II

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 250 शब्दों में दीजिए।
(3 × 10 = 30 अंक)

3. जाति, वर्ग, लिंग और जनजातियों के संदर्भ में मतदान व्यवहार के सामाजिक निर्धारकों की व्याख्या कीजिए।

4. भारतीय राजनीति में धर्मनिरपेक्षता और सांप्रदायिकता के प्रभाव पर चर्चा कीजिए।

5. जातीय संगठनों और राजनीतिक संरचनाओं के बीच संबंध का परीक्षण कीजिए।

### सत्रीय कार्य – III

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में दीजिए।
(5 × 6 = 30 अंक)

6. दलीय व्यवस्था से क्या तात्पर्य है?

7. नृजातीयता (Ethnicity) और भाषा के राजनीतिक महत्व की व्याख्या कीजिए।

8. सकारात्मक कार्यवाही (Affirmative action) क्या है?

9. आरक्षण पर एक संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

10. राजनीतिक प्रक्रिया के संदर्भ में विकास से क्या तात्पर्य है?